Sixteenth Loksabha

>

Title: Need to implement old 200 Point Roster System in Universities.

श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ) : अध्यक्ष जी, उच्च शिक्षा में दो सौ पॉइंट रोस्टर था। विश्वविद्यालय और कॉलेज को एक इकाई मानकर आरक्षण लागू था…(व्यवधान) उस आरक्षण को 13 पॉइंट रोस्टर करके, विभागवार आरक्षण करके पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया।…(व्यवधान) अध्यक्ष जी, वर्तमान में जो 13 पॉइंट आरक्षण का प्रावधान है, उससे आने वाले दो सौ वर्षों में भी देश के दबे, कुचले, शोषित, पीड़ित, एससी-एसटी और माइनॉरिटी के लोग कभी विश्वविद्यालय नहीं पहुंच पाएंगे।…(व्यवधान) अध्यक्ष जी, अगर किसी समाज को खत्म करना हो तो उसे शिक्षा से वंचित कर दो। मोदी जी की सरकार, केन्द्र की सरकार देश के पिछड़े, दलित, एससी-एसटी लोगों को शिक्षा से वंचित करना चाहती है, जिससे आने वाले समय में ये लोग तरक्की न कर सकें।…(व्यवधान)

अध्यक्ष जी, इसी सदन में जावड़ेकर जी ने और राजनाथ जी ने भरोसा दिलाया था कि वे दो सौ परसेंट रोस्टर का कानून लाएंगे…(व्यवधान) लेकिन अभी तक रोस्टर का वह कानून ये नहीं ला रहे हैं, जिससे इनकी एससी-एसटी और माइनोरिटी विरोधी मानसिकता साफ जाहिर है।…(व्यवधान)

अध्यक्ष जी, मेरा आपके माध्यम से एकमात्र निवेदन है कि दो सौ पॉइंट का यह कानून सरकार सदन में लेकर आए, जिससे एससी-एसटी, ओबीसी और माइनोरिटी को उनका हक मिल सके।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप बैठ जाइए। आपकी बात रिकॉर्ड में आ गई है।

श्री राजेश रंजन। आप केवल सहभागी बनिए।

Dr. Kulmani Samal, Shri Jai Prakash Narayan Yadav and Shrimati Supriya Sule are permitted to associate with the issue raised by Shri Dharmendra Yadav.

…(व्यवधान)

12 07 hrs

At this stage, Shri Dharmendra Yadav and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

…(व्यवधान)